# श्री गुरु तेग बहादुर जी के दिखाए मार्ग पर चलें

**ख़ास बातें**
- श्री गुरु तेग बहादुर जी शहीदी दिवस को मनाना ऐतिहासिक पल
- भाईचारे का विश्वव्यापी संदेश आज भी प्रासंगिक है: केजरीवाल
- नौवें पातशाह जी के 350वें शहीदी दिवस को समर्पित आयोजन



**श्रीनगर (जम्मू-कश्मीर), 19 नवंबर. ऐतिहासिक गुरुद्वारा छठी पातशाही साहिब से गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी दिवस को समर्पित विशाल नगर कीर्तन बुधवार को खालसा की जन्मभूमि आनंदपुर साहिब के लिए रवाना हुआ.**

इस अवसर पर पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान, आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला उपस्थित रहे. पंज प्यारों के नेतृत्व में सजाया गया नगर कीर्तन विभिन्न शहरों- जम्मू, पठानकोट, दसूहा, होशियारपुर, माहिलपुर, गढ़शंकर तथा अन्य नगरों से गुजरता हुआ 22 नवंबर को नौवें पातशाह जी द्वारा बसाए पवित्र नगर आनंदपुर साहिब में संपन्न होगा. नगर कीर्तन 19 नवंबर की रात जम्मू, 20 नवंबर की रात पठानकोट और 21 नवंबर की रात होशियारपुर में पड़ाव डालेगा.

> केजरीवाल और श्री मान ने कहा कि अकाल पुरख ने इस महान कार्य में सेवा निभाने के लिए प्रदेश सरकार पर अपार कृपा की है और सरकार इस नेक कार्य में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ेगी. मान और श्री केजरीवाल ने लोगों को गुरु तेग बहादुर जी द्वारा समूची मानवता को दिखाए मार्ग पर चलने का आह्वान किया. उन्होंने कहा कि गुरु साहिब जी का शांति, मानवता, प्रेम और भाईचारे का विश्वव्यापी संदेश आज के राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य में पूरी तरह प्रासंगिक है.

# रूस में दो नये महावाणिज्य दूतावास

## डा. एस जयशंकर ने किया इन दूतावासों का उद्घाटन

**नयी दिल्ली 19 नवम्बर. अमेरिका के साथ पिछले कुछ महीनों से टैरिफ को लेकर चल रही तनातनी के बीच भारत ने रूस में अपना कूटनीतिक दायरा बढाते हुए दो महत्वपूर्ण रूसी शहरों में महावाणिज्य दूतावास खोले हैं.**

विदेश मंत्री डा. एस जयशंकर ने बुधवार को रूस के येकातेरिनबर्ग और कज़ान में इन दूतावासों का उद्घाटन किया. उद्घाटन के बाद डा. जयशंकर ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि इन नये वाणिज्य दूतावासों के खुलने से भारत और रूस के बीच व्यापार, पर्यटन, आर्थिक, वैज्ञानिक, तकनीकी, शैक्षणिक



और सांस्कृतिक संबंधों को बढ़ावा मिलेगा.

उन्होंने कहा, येकातेरिनबर्ग और कज़ान में भारत के महावाणिज्य दूतावासों का उद्घाटन करते हुए मुझे अत्यंत प्रसन्नता हो रही है. इस अवसर पर रक्षा मंत्री आंद्रे रुडेंको, राजदूत विनय कुमार और स्वेर्दलोव्स्क एवं तातारस्तान के प्रतिनिधि भी मौजूद थे. मुझे विश्वास है कि नए वाणिज्य दूतावासों की स्थापना से भारत और रूस के बीच व्यापार, पर्यटन, आर्थिक, वैज्ञानिक, तकनीकी, शैक्षणिक और सांस्कृतिक संबंधों को बढ़ावा मिलेगा.

डा. जयशंकर ने इससे पहले सुबह मास्को में महात्मा गांधी के स्मारक पर जाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि उनके आदर्श और शिक्षाएं पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक हैं. दूतावासों के उद्घाटन के बाद उन्होंने मास्को में भारतीय समुदाय के लोगों और भारत के मित्रों के साथ मुलाकात की.

# जोहरान ममदानी भारत विरोधी हैं: एरिक

**वाशिंगटन, 19 नवंबर. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बेटे और ट्रंप ऑर्गनाइजेशन के कार्यकारी उपाध्यक्ष एरिक ट्रंप ने न्यूयॉर्क शहर के नवनिर्वाचित मेयर जोहरान ममदानी की आलोचना करते हुए दावा किया है कि ममदानी कम्युनिस्ट हैं और वह भारत-विरोधी और यहूदी-विरोधी भावनाओं को बढ़ावा देते हैं।**



एरिक ट्रंप ने एक साक्षात्कार के दौरान कहा, दुनिया में कोई भी जगह न्यूयॉर्क शहर का मुकाबला नहीं कर सकती, और फिर भी आपके पास एक समाजवादी, कम्युनिस्ट, चाहे आप इसे जो भी नाम देना चाहें, मौजूद है जो नेतन्याहू को गिरफ्तार करना चाहता है, यहूदियों से नफरत करता है, भारतीय आबादी से नफरत करता है, और कानून प्रवर्तन एजेंसियों के वित्त पोषण को कम करना चाहता है। आप जानते हैं कि इसकी क्या कीमत चुकानी पड़ेगी। यह बहुत दुखद है। एरिक ने कहा कि शहर अति-वामपंथी नीतियों से संचालित हो रहा है जो इसके विकास और समृद्धि को कमजोर कर रही हैं।

> उन्होंने सुझाव दिया कि नए मेयर को सुरक्षित सड़कों, साफ़ सड़कों और उचित करों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए और ये शहर बिना सरकारी हस्तक्षेप के अपने आप फले-फूलेंगे। एरिक ट्रम्प ने कहा, वह एक समाजवादी और कम्युनिस्ट हैं, जो व्यवसायों का राष्ट्रीयकरण करना चाहते हैं, नेतन्याहू को गिरफ़्तार करना चाहते हैं, यहूदी और भारतीय समुदायों का विरोध करते हैं, और क़ानून प्रवर्तन एजेंसियों के लिए धन की कमी करना चाहते हैं। एरिक ने ममदानी की तुलना अन्य प्रगतिशील हस्तियों से भी की, जिनमें कांग्रेस सदस्य एलेक्जेंड्रिया ओकासियो-कोर्टेज भी शामिल हैं।

# अफगानिस्तान के उद्योग और वाणिज्य मंत्री भारत यात्रा पर

**नयी दिल्ली 19 नवम्बर. अफगानिस्तान के उद्योग और वाणिज्य मंत्री अलहाज नूरुद्दीन अजीजी का पांच दिन की आधिकारिक यात्रा पर बुधवार को यहां पहुंचने पर गर्मजोशी से स्वागत किया गया.**



विदेश मंत्रालय ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि अजीजी की यात्रा का मुख्य उद्देश्य द्विपक्षीय व्यापार और निवेश संबंधों को आगे बढाना है. पोस्ट में कहा गया है , उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री, अलहाज नूरुद्दीन अजीजी का भारत की आधिकारिक यात्रा पर हार्दिक स्वागत है. द्विपक्षीय व्यापार और निवेश संबंधों को आगे बढ़ाना इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य है. अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर मुत्ताकी की अक्टूबर की भारत यात्रा के बाद हो रही श्री अजीजी की यात्रा को दोनों देशों के बीच मजबूत होते संबंधों तथा विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग के बढते दायरे की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति के रूप में देखा जा रहा है. यात्रा के दौरान उनकी भारत के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मुलाकात और बातचीत की संभावना है.

# 7 पर चीनी सरकार के लिए जासूसी करने का आरोप

**ताइपे.** ताइवान के अभियोजकों ने देश के पूर्व एवं वर्तमान सैन्यकर्मियों सहित सात लोगों पर चीनी सरकार के लिए जासूसी करने का आरोप लगाया है. यह जानकारी ताइपे टाइम्स अखबार ने अपनी रिपोर्ट में दी. मंगलवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया कि हांगकांग का एक व्यक्ति बार-बार व्यापार और पर्यटक वीजा पर ताइवान का दौरा करता था और उसने दो सेवानिवृत्त सैन्यकर्मियों की भर्ती की, जिन्होंने बाद में अपने पूर्व साथियों को द्वीप के सशस्त्र बलों के बारे में गोपनीय जानकारी इकट्ठा करने के लिए भर्ती किया.



# नागपुर में हिंगना औद्योगिक क्षेत्र में लगी भीषण आग

**नागपुर, 19 नवंबर. महाराष्ट्र के नागपुर में स्थित महाराष्ट्र औद्योगिक विकास निगम (एमआईडीसी) हिंगना औद्योगिक क्षेत्र में मर्सिडीज और बिल्ड योर ड्रीम कार के शोरूम के पीछे गुरुवार की शाम भीषण आग लग गई, जिससे स्थानीय लोगों और राहगीरों में दहशत फैल गई.**

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, काले धुएं का गुबार आसमान में फैल गया, जो कई किलोमीटर दूर से दिखाई दे रहा था. घटनास्थल पर भीड़ जमा हो गई.

दमकल और आपातकालीन विभाग की टीमें घटनास्थल पर पहुँचीं और तुरंत अग्निशमन अभियान शुरू कर दिया. आग की लपटें इलाके में तेज़ी से फैलती रहीं, लेकिन दमकलकर्मियों ने देर शाम तक अपना प्रयास जारी रखा. आग लगने का सही कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है और अधिकारी अभी भी नुकसान का आकलन कर रहे हैं. खबर लिखे जाने तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है. स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए दमकल अधिकारी काम कर रहे हैं.

# इमरान खान की बहनों को घसीटा

**रावलपिंडी.** पाकिस्तान 7 19 नवंबर.पाकिस्तान की राजनीति एक बार फिर उथल-पुथल में है, और इस बार केंद्र में हैं पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की तीन बहनें—अलीमा, उजमा और नौरीन खान. मंगलवार देर रात रावलपिंडी की अदियाला जेल के बाहर जो दृश्य सामने आया, उसने न सिर्फ पाकिस्तान बल्कि पूरे दक्षिण एशिया में हलचल मचा दी. आरोप है कि पुलिस ने तीनों बहनों के साथ न केवल बदसलूकी की, बल्कि नौरीन को तो सड़क पर घसीटा और बाल पकड़कर जमीन पर पटक दिया. सोशल मीडिया पर वायरल होते वीडियोज़ में इमरान खान की बहनें सहमी, कांपती और बेहद डरी हुई दिख रही हैं.

# मेक इन इंडिया : विमान का भारत में उत्पादन संभव

**रूस ने तकनीक हस्तांतरण और बेंच टेस्ट का ऐलान किया**

**अमेरिका के महंगे एफ -35 की तुलना में सस्ता**

**नई दिल्ली, 19 नवंब. रूस ने भारत को अपने नए -75 चेकमेट फाइटर जेट का प्रस्ताव दिया है. यह सिंगल इंजन वाला स्टील्थ विमान एसयू -57 के बाद रूस का दूसरा प्रस्ताव है.**

एसयू -75 को मेक इन इंडिया पहल के तहत भारत में उत्पादन के लिए तैयार किया जा सकता है, और रूस ने इसके लिए तकनीक हस्तांतरण का आश्वासन भी दिया है. सुखोई के पैरेंट कंपनी रोस्टेक के सीईओ सर्गेई चेमेजोव ने दुबई



एयरशो में कहा कि एसयू -75 का बेंच टेस्ट जल्द ही शुरू होगा और पहली उड़ान 2026 में होने की संभावना है.

उनका मानना है कि यह विमान F-35 का किफायती विकल्प साबित होगा, क्योंकि इसमें सस्ती लागत, आसान मेंटेनेंस और हवाई-ज़मीनी दोनों लक्ष्यों को निशाना बनाने की क्षमता है. हालांकि, भारतीय वायुसेना ने हाल ही में बहुउद्देशीय लड़ाकू विमान (एमआरएफए ) टेंडर रद्द कर फ्रांस के साथ राफेल जेट खरीदने की सिफारिश की है. इसके बावजूद एचएएल और रूस के बीच एसयू -75 पर सहयोग की संभावना बनी हुई है.

> राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के भारत दौरे से पहले यह प्रस्ताव दोनों देशों के रक्षा संबंधों को और मजबूत कर सकता है. रूस ने भारत को अपने एसयू -75 चेकमेट फाइटर जेट का प्रस्ताव देकर रक्षा सहयोग को एक नया आयाम दिया है. यह प्रस्ताव एसयू -57 के बाद आया है और इसमें सिंगल इंजन वाला स्टील्थ विमान, तकनीक हस्तांतरण और भारत में उत्पादन की संभावना शामिल है. एसयू -75 को 2021 में एमएकेएस एयरशो में पेश किया गया था, लेकिन यूक्रेन युद्ध के कारण विकास धीमा पड़ गया.

# रूसी वायु रक्षा ने 65 यूक्रेनी ड्रोन मार गिराये

**मास्को.** रूसी वायु रक्षा बल ने मंगलवार रात चार रूसी क्षेत्रों और काला और आज़ोव सागर में 65 यूक्रेनी ड्रोनों को मार गिराया. रूसी रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को यह जानकारी दी. मंत्रालय ने एक बयान में कहा, पिछली रात, वायु रक्षा प्रणालियों ने 65 यूक्रेनी मानवरहित हवाई वाहनों (ड्रोन) को रोक कर उन्हें हवा में ही नष्ट कर दिया. बयान में कहा गया कि काला सागर के ऊपर 16 ड्रोन, वोरोनिश क्षेत्र और क्रास्नोडार क्षेत्र के ऊपर 14-14 ड्रोन, बेलगोरोड क्षेत्र के ऊपर 11 ड्रोन, आज़ोव सागर के ऊपर नौ ड्रोन और ब्रांस्क क्षेत्र के ऊपर एक ड्रोन नष्ट किया गया.

## एक नजर में

### यूक्रेन में बड़ा घोटाला : दो मंत्री पद से बाहर

**कीव/नई दिल्ली.** यूक्रेन की राजनीति में मंगलवार को बड़ा भूचाल तब आया जब देश की संसद ने ऊर्जा मंत्री स्वितलाना ह्रींचुक और पूर्व न्याय मंत्री हरमन



हालुशेंको के इस्तीफे को औपचारिक मंजूरी दे दी. दोनों पर देश की सरकारी परमाणु ऊर्जा कंपनी एनर्जोएटॉम में लगभग 100 मिलियन डॉलर के कथित भ्रष्टाचार घोटाले में संलिप्त होने के आरोप लगे थे, जिसे देश के इतिहास का सबसे बड़ा पे-टू-प्ले स्कैम माना जा रहा है. राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने हालिया भ्रष्टाचार जांच के बाद दोनों मंत्रियों को पद छोड़ने का निर्देश दिया था, ताकि जांच निष्पक्ष रूप से आगे बढ़ सके. आरोपों के मुताबिक एनर्जोएटॉम में शीर्ष स्तर पर बड़े पैमाने पर अवैध कमीशन और सत्ता के दुरुपयोग का खेल चल रहा था. हालुशेंको और ह्रींचुक दोनों ने आरोपों से इंकार किया है, लेकिन संसद ने भारी बहुमत से उनके पदमुक्ति प्रस्ताव को मंजूरी दे दी.

### एसआईआर को चुनौती देने याचिकाओं की सुनवाई कल

**नयी दिल्ली.** उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को केरल में चल रहे मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को चुनौती देने वाली याचिकाओं के एक समूह को सुनवाई के लिए 21 नवंबर को सूचीबद्ध करने पर सहमति व्यक्त की. अधिवक्ता हारिस बीरन ने मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई के समक्ष इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) की ओर से दायर याचिका का हवाला दिया, जिसमें इसे तत्काल सूचीबद्ध करने का अनुरोध किया गया था. इस पर मुख्य न्यायाधीश ने मामले को शुक्रवार को सूचीबद्ध करने पर सहमति व्यक्त की. बीरन ने दलील दी कि राज्य में चल रहे स्थानीय निकाय चुनावों के कारण एसआईआर को एक साथ कराना व्यावहारिक रूप से कठिन हो जाएगा. अधिवक्ता सी.के. शशि ने केरल सरकार की याचिका का भी उल्लेख किया.

### पाकिस्तान में अलग-अलग अभियानों में 23 आतंकवादी ढ़ेर


**इस्लामाबाद.** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में 16 और 17 नवंबर को दो अलग-अलग मुठभेड़ों में 23 आतंकवादी मारे गए. सेना ने मंगलवार को यह जानकारी दी. पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने एक बयान में बताया कि पहली मुठभेड़ के दौरान सुरक्षा बलों ने बाजौर जिले में खुफिया सूचना पर आधारित अभियान चलाया, जिसके परिणामस्वरूप एक सरगना समेत 11 आतंकवादी मारे गए

# राजस्थान की आत्मा है घूमर महोत्सव

## उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने नगाड़ा बजा कर किया आगाज

**जयपुर, 19 नवम्बर. उपमुख्यमंत्री और पर्यटन, कला एवं संस्कृति मंत्री दिया कुमारी की पहल पर ऐतिहासिक रूप से पहल बार राजस्थान पर्यटन विभाग की ओर से राजस्थान की लोक-संस्कृति, पारंपरिक कलाओं और जनभागीदारी आधारित सांस्कृतिक मॉडल को नई दिशा देने के उद्देश्य से बुधवार को राज्य के सातों संभागीय मुख्यालयों पर एक साथ भव्य घूमर महोत्सव आयोजित हुआ.**

इस आयोजन को एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज किया गया. उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी के मुख्य आतिथ्य में बुधवार को जयपुर के विद्याधर नगर स्टेडियम




के फुटबॉल ग्राउण्ड में राज्य स्तरीय घूमर महोत्सव आयोजित हुआ. जिसमें महिलाओं तथा युवतियों ने बड़ी संख्या सहभागिता कर राजस्थान की सांस्कृतिक परम्पराओं को जीवंत कर दिया. लय-ताल और सुरों की जुगल बंदी से सुसज्जित और सुगठित घूमर महोत्सव ने राजस्थान की सांस्कृतिक गरिमा को प्रदर्शित किया. इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी नगाड़ा बजाकर घूमर महोत्सव का आगाज किया. उन्होंने विद्याधर नगर स्टेडियम में उपस्थित मातृशक्ति का अभिवादन किया साथ ही बहनों और बेटियों का स्नेहाशीष देते हुए कहा कि आज वो समय आ गया है जब हमें राजस्थान की लोक संस्कृति, लोक कलाओं और विरासत को नई पीढी तक पहुंचाना होगा. उन्होंने कहा की राजस्थान की संस्कृति के पर्यायवाची घूमर नृत्य को वैश्विक स्तर पर पहुंचाने के लिए इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन हर वर्ष वृहद स्तर पर किया जाएगा.

# कोलंबो सुरक्षा सम्मेलन के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों की बैठक आज

**नयी दिल्ली 19 नवम्बर. हिन्द महासागर देशों के बीच सुरक्षा के क्षेत्र में सहयोग को बढावा देने के लिए शुरू किये गये कोलंबो सुरक्षा सम्मेलन के सदस्य देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों की 7वीं बैठक गुरुवार को यहां राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल की अध्यक्षता में होगी.**

बैठक में डोभाल मालदीव, मॉरीशस, श्रीलंका और बांग्लादेश सहित सदस्य देशों के अपने समकक्षों की मेजबानी करेंगे. सेशेल्स बैठक में एक पर्यवेक्षक के रूप में भाग लेगा जबकि मलेशिया को अतिथि देश के रूप में आमंत्रित किया गया है. बैठक में सदस्य देश समुद्री सुरक्षा, आतंकवाद और



कट्टरपंथ, अंतराष्ट्रीय संगठित अपराध , साइबर तथा महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे की सुरक्षा और मानवीय सहायता तथा आपदा राहत जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा करेंगे. इसके अलावा वर्ष 2026 के लिए रोडमैप और कार्य योजना पर भी विस्तार से बातचीत होगी.

## आज का इतिहास

- 1719 - स्टॉकहोम ने स्वीडन और हनोवर से शांति समझौता किया.
- 1750 - मैसूर राज्य का शासक टीपू सुल्तान का जन्म.
- 1815 - यूरोप में शांति व्यवस्था के लिए रूस, प्रशिया, आस्ट्रिया और इंग्लैंड ने गठबंधन किया.
- 1829 - रूस के निकोलायेव और सेवेस्तोपोल क्षेत्र से यहूदियों को निकाला गया.
- 1866 - अमेरिका के वांशिगटन में हावर्ड विश्वविद्यालय की स्थापना.
- 1917 - यूक्रेन गणराज्य घोषित हुआ.
- 1917 - कलकत्ता में बोस अनुसंधान संस्थान की स्थापना.

# यूनुस सरकार भारत के संबंधों को कभी नहीं समझ सकती

**ढाका, 19 नवंबर. अवामी लीग के वरिष्ठ नेता एवं बंगलादेश के पूर्व सूचना एवं प्रसारण मंत्री मोहम्मद अली अराफात ने मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि इस्लामी चरमपंथियों द्वारा समर्थित अंतरिम सरकार कभी भी अवामी लीग के भारत के साथ संबंधों की महराई को नहीं समझ सकती।**

उनकी यह टिप्पणी देश के घरेलू अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी) द्वारा 17 नवंबर के फैसले के मद्देनजर आई है, जिसमें पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को जुलाई 2024 के



विद्रोह के दौरान कथित मानवता के खिलाफ अपराध के लिए फांसी की सजा सुनाई गई है। न्यायाधिकरण ने पूर्व गृह मंत्री असदुज्जमां खान कमाल और वर्तमान में जेल में बंद पूर्व पुलिस प्रमुख चौधरी अब्दुल्ला अल-मामून को भी मृत्युदंड की सजा सुनाई है.

**नमन** | **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इंदिरा गांधी की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी**

# इंदिरा गांधी को सशक्त नेतृत्व के लिए किया जाता है याद



**नयी दिल्ली, 19 नवंबर. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को उनकी 108वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की.**

प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, ''पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी जी को उनकी जयंती के अवसर पर श्रद्धांजलि.'' भारत की पहली और एकमात्र महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी 1966 से 1977 तक और फिर 1980 से 1984 में उनकी हत्या होने तक देश की प्रधानमंत्री रहीं. उन्हें भारत में उनके सशक्त नेतृत्व एवं दूरदर्शी दृष्टिकोण के लिए याद किया जाता है. उनकी विरासत आज भी भारतीयों को प्रेरित करती है और देश के विकास एवं समृद्धि में उनके योगदान को आज भी याद किया जाता है.

## सोनिया, खरगे, राहुल ने इंदिरा गांधी की जयंती पर दी श्रद्धांजलि

**नयी दिल्ली, 19 नवंबर.** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती पर बुधवार को यहां उनकी समाधि शक्ति स्थल पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए. इंदिरा गांधी की 108वीं जयंती के मौके पर उनकी समाधि स्थल पर स्मृति



सभा का आयोजन किया गया जिसमें कांग्रेस के शीर्ष नेताओं ने हिस्सा लिया और इंदिरा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की. खरगे ने पूर्व प्रधानमंत्री को नमन करते हुए कहा इंदिरा गांधी का अनुकरणीय और गतिशील नेतृत्व, जिसमें उन्होंने अपार राजनीतिक साहस दिखाया, सदैव प्रेरणादायी रहेगा.

# राम मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण का मुहूर्त पं. गणेश्वर शास्त्री ने निकाला

**वाराणसी.** उत्तर प्रदेश के अयोध्या में 25 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी श्री राम जन्मभूमि मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण करेंगे. इस विशेष आयोजन में देश-विदेश से आए सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहेंगे. राम मंदिर के ध्वजारोहण का शुभ मुहूर्त काशी के प्रकांड पंडित पद्मश्री गणेश्वर शास्त्री द्रविड़ ने निकाला है. प्राप्त जानकारी के अनुसार आगामी 25 नवंबर को मार्गशीर्ष शुक्ल पंचमी (विवाह पंचमी) को मात्र 30 मिनट का विशेष मुहूर्त निकाला गया है. अमृत काल, अभिजित मुहूर्त और विजय मुहूर्त को ध्यान में रखते हुए यह शुभ लग्न निर्धारित किया गया है.